नई दिल्ली के विलिंगडन और सफ़दरजंग अस्पतालों के कर्मचारी

5156. **श्री राम सागर : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली स्थित विलिंगडन और सफ़दरजंग अस्पतालों में विभिन्न श्रेणियों; ग्रेडों और पदों में कितने कर्मचारी हैं और इन अस्पतालों में अनुसूचित जातियों के कर्मचारियों की संख्या क्रमश: कितनी है ;

(ख) उक्त अस्पतालों में कितने अस्थायी कर्मचारी हैं और उन में से कितने कर्मचारी अनुसूचित जातियों के है और अगर अनुसूचित जाति के कुछ अस्थायी कर्मचारी हैं, तो उन्हें कब तक स्थायी बना दिया जाएगा ;

(ग) इन अस्पतालों में विभिन्न पदों पर काम कर रहे ऐसे कर्मचारियों की संख्या कितनी है, जिन्हें सेलेक्शन ग्रेड दिया गया है और क्या इन कर्मचारियों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी भी हैं और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) वर्ष 1972 में इन अस्पतालों में की गई पदोन्नतियों और सेलेक्शनों में आरक्षित पदों पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कितने कर्मचारियों को पदोन्नति की गई और क्या उनमें गैर-संवर्गीय कर्मचारियों को भी शामिल किया जाता है और यदि हां, तो इस बारे में पद-वार ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) से (घ). विलिंगडन अस्पताल के बारे में सूचना 'क', 'ख' और 'ग' विवरणों में और सफ़दरजंग अस्पताल नई दिल्ली के बारे में सूचना 'घ' और 'ङ' विवरणों में दी गई हैं, जो सभा पटल पर रख दिये गये हैं। [**ग्रन्थालय में रखे गये। देखिए** संख्या एल-टी-855/77]।

Building of Harnai Post Office in Depoli Taluka in Ratnagiri District

5157. SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether Post Office at Harnai in Depoli Taluka in Ratnagiri District in Maharashtra is at present housed in a old rented building which is most unsuitable for office purposes;

(b) whether a plot of land was purchased for the construction of departmental Post Office building at Harnai in the year 1970-71 and since then the plot is lying vacant;

(c) whether the Government propose to implement the 'Rural uplift' policy of Government and start costruction of the said post office building; and

(d) if so, when?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI BRIJ LAL VERMA): (a) Harnai Post Office is housed in an old, but suitable, rented building which has recently been renovated.

(b) Yes, Sir. The plot of land was acquired in 1968.

(c) and (d) It is not possible to take up construction of this building during the Fifth Five Year Plan period due to paucity of funds. It is proposed to take up this work during the Sixth Plan period, subject to availability of funds.

दिल्ली टेलीफोन एक्सचेंजों में टेलीफोन

5158. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या **संचार मंत्री** 14 जुलाई, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3572 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 मई, 1977 तक दिल्ली टेलीफोन डिस्ट्रिक्ट के प्रत्येक टेलीफोन